कार्यालय – निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा./माध्य/अ–4/म.गां./अंग्रेजी माध्यम/2018–19 दिनांकः 18/06/2019

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)– माध्यमिक

विषयः–राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर राज्य में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) की स्थापना के संबंध में।
प्रसंगः–इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांकः 16.06.2019.

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रासंगिक निर्देश पत्र द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) की स्थापना के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए जा चुके हैं एवं उक्त क्रम में कक्षा–1 से 8 हेतु उक्त नव स्थापित अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में प्रवेश कार्य भी प्रारम्भ किया जा चुका है। अतः इस सम्बन्ध में आपको निर्देश प्रदान किए जाते हैं कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) में प्रवेश कार्य की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए पर्याप्त प्रचार– प्रसार करें एवं निर्धारित समायावधि में प्रत्येक कक्षा हेतु निर्धारित संख्या में विद्यार्थियों के प्रवेश की सुनिश्चितता करें। साथ ही प्रतिदिन आवेदन पत्र की पूर्ति कर विद्यालय में जमा करवाने वाले विद्यार्थियों की कक्षावार सूचना संलग्न प्रेषित निर्धारित प्रपत्र में प्रतिदिवस इस कार्यालय की ई–मेल आई.डी. : secondarydd2@gmail.com पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– सूचना प्रपत्र

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग राजस्थान, जयपुर।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं पदेन अतिरिक्त आयुक्त,राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
5. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
6. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को क्षेत्राधिकार में प्रभावी प्रबोधन एवं समुचित पर्यवेक्षण हेतु।
7. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
8. समस्त प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान।
9. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
10. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
11. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रपत्र

–: महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनों का कक्षावार विवरण :–

जिले का नामः .... विद्यालय का नामः महात्मा गांधी...

दिनांक	विद्यालय में प्रवेश आवेदन पत्र जमा करवाने वाले विद्यार्थियों की कक्षावार दैनिक संख्या								
	कक्षा 1	कक्षा 2	कक्षा 3	कक्षा 4	कक्षा 5	कक्षा 6	कक्षा 7	कक्षा 8	योग
18.06.2019									
19.06.2019									
20.06.2019									
21.06.2019									
22.06.2019									
23.06.2019									
24.06.2019									
25.06.2019									
26.06.2019									
27.06.2019									
योग									

दिनांकः

हस्ताक्षर मय मोहर